Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to develop infrastructure around Mata Shakumbhari Devi Temple in Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) ः मैं केंद्र सरकार का ध्यान जनपद सहारनपुर में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता शाकुम्भरी देवी के स्थल को विकसित कराने की ओर आकृऐट कराना चाहता हूं।

उत्तर भारत का प्रमुख एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता शाकुम्भरी देवी का पौराणिक मंदिर जनपद सहारनपुर में शिवालिक पर्वत की तलहटी में, तहसील बेहट क्षेत्र के अंतर्गत विद्यमान है, जहां वऐन में दो बार विशाल धार्मिक मेले का आयोजन होता है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आना-जाना इस स्थान पर होता है।

माता शाकुम्भरी देवी का मंदिर शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली एक पहाड़ी नदी के किनारे पर स्थित है जो कि भूरादेव मंदिर स्थित सड़क मार्ग से एक किलोमीटर से भी अधिक की दूरी पर स्थित है। मुख्य सड़क मार्ग से दूर होने के कारण दर्शन को जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को इसी पहाड़ी नदी से होकर जाना पड़ता है एवं पथरीला कच्चा रास्ता होने के कारण श्रद्धालुओं को अत्यंत कठिनाई होती है। विशेऐकर वऐानकाल में तो इस पहाड़ी नदी में अचानक तीव्र बहाव के साथ भारी मात्रा में जल आ जाता है जिससे कि अनेक श्रद्धालु एवं उनके वाहन तेज बहाव में बह जाते हैं।

केंद्रीय सड़क निधि आयोग विभाग द्वारा उक्त स्थल के विकास हेतु 300 मीटर लंबे फोरलेन पुल एवं 1300 मीटर लम्बाई का फोरलेन अतिरिक्त पहुंच मार्ग, पार्किंग एवं सौन्दर्यीकरण आदि का प्राक्कलन (एस्टीमेट) लगभग 122.50 करोड़ रूपये का अंकित किया गया था, जो कि उपरोक्त विभाग द्वारा पत्र सं.-1345/23.12.2015 जी.आई. 228/2015 राज्य सरकार को प्रेऐित किया गया था।

अतः मैं केंद्र सरकार से यह मांग करता हूँ कि हमारी केंद्र सरकार, उ.प्र. की हमारी राज्य सरकार से उपरोक्त कार्य हेतु समन्वय स्थापित कर माता शाकुम्भरी देवी स्थल को विकसित कराए।